Employment Development Department
PO Box 2530
Rancho Cordova, CA 95741-2530

Employment Development Department
State of California

## पहचान के सत्यापन के लिए अनुरोध

**EDD टोल फ्री फोन नंबर:**
1-866-401-2849

दावेदार का नाम और पता

नमूना क्लाइंट का नाम
1234 नमूना सड़क
कोई भी शहर, कैलिफोर्निया 99999-9999

डाक से भेजे जाने की तारीख:

केवल कार्यालय के इस्तेमाल के

लिए: प्रभावी तारीख:

### बेरोज़गारी लाभों के लिए आवश्यक पहचान सत्यापन

आपकी पहचान के बारे में एक समस्या का समाधान किया जाना ज़रूरी है। आपको संभावित रूप से धोखाधड़ी की गतिविधि से बचाने के लिए हमें आपकी पहचान सत्यापित करनी होगी। जबकि हम आपकी योग्यता निर्धारित करते हैं, तब तक लाभों के लिए प्रमाणित करना जारी रखें यदि आप बेरोज़गार बने रहते हैं या कम घंटे काम कर रहे हैं।

यदि आपको इस दावे पर कभी कोई भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है, तो जब तक आप पहचान सत्यापन प्रदान नहीं करते, तब तक हम लाभ भुगतानों को संसाधित करने में असमर्थ हैं।

अगर आपको पहले ही इस दावे पर कम से कम एक भुगतान मिल चुका है, तो **भी इस नई समस्या का समाधान होना ज़रूरी है**। यदि हम दो सप्ताह के भीतर आपकी पात्रता का निर्धारण नहीं कर पाते हैं, तो हम सशर्त भुगतान पर कार्रवाई करेंगे। यदि हम बाद में आपको उन लाभों के लिए अपात्र पाते हैं, तो आपको किसी भी सशर्त भुगतान का वापसी भुगतान करना पड़ सकता है।

### अपनी पहचान को सत्यापित करना

हमें आपके पते, जन्मतिथि सहित आपकी पहचान को सत्यापित करना होगा, और यह कि आपके दावे पर नौ अंकों की सामाजिक सुरक्षा संख्या (Social Security number, SSN) वही है जो आपको सामाजिक सुरक्षा प्रशासन (Social Security Administration, SSA) द्वारा जारी की गई है। **पहचान सत्यापन के दस्तावेज़ों के लिए इस अनुरोध का अनुपालन करने में विफल रहना या इस नोटिस को भेजे जाने की तारीख से 10 कैलेंडर दिनों के भीतर अधिक समय के लिए अनुरोध न करने के परिणामस्वरूप लाभों को दिए जाने से इनकार किया जा सकता है।** *पहचान सत्यापन के लिए संलग्न स्वीकार्य दस्तावेज़* (DE 1326CD) स्वीकार्य पहचान सत्यापन दस्तावेज़ों के विस्तृत उदाहरण प्रदान करता है। अपने दस्तावेज़ कैसे जमा करें, इस पर निर्देशों के लिए इस नोटिस के पृष्ठ 2 को देखें।

**कृपया नीचे दिए गए बॉक्स पर निशान लगाएँ:**

☐ मैंने उपरोक्त प्रभावी तारीख के साथ यह दावा दायर **किया** था। (*नीचे इस नोटिस पर हस्ताक्षर करें और तारीख डालें और इसे इस नोटिस के पीछे सूचीबद्ध अनुरोधित पहचान सत्यापन दस्तावेज़ों के साथ प्रदान किए गए लिफाफे में लौटा दें।*)

☐ मैंने उपरोक्त प्रभावी तारीख के साथ दावा दायर **नहीं किया था**। (*इस नोटिस पर नीचे हस्ताक्षर करें और तारीख डालें और इसे दिए गए लिफाफे में वापस भेज दें। EDD सभी धोखाधड़ी रिपोर्टों की जांच करता है।*)

मैं समझता/समझती हूँ कि अगर मैं गलत बयान देता/देती हूँ या लाभ प्राप्त करने के लिए तथ्यों को छुपाता/छुपाती हूँ तो कानून दंड का प्रावधान कर सकता है। मैं झूठी गवाही के दंड के तहत घोषित करता/करती हूँ कि जो जानकारी मैं प्रदान कर रहा/रही हूँ और जो दस्तावेज़ मैं जमा कर रहा/रही हूँ वह सत्य और सही हैं, और मेरे हैं।

| अपना नाम लिखें | हस्ताक्षर (आवश्यक है) | फ़ोन नंबर | तारीख |
|---|---|---|---|
| | | | |

### अपनी पहचान सत्यापन दस्तावेज़ जमा करने के निर्देश

स्वीकार्य पहचान सत्यापन दस्तावेज़ों के विस्तृत उदाहरणों के लिए संलग्न *स्वीकार्य दस्तावेज़ पहचान सत्यापन* (DE 1326CD) देखें।

अपने सत्यापन दस्तावेज़ जमा करने के लिए आपके पास दो विकल्प हैं:

- **UI Online℠ -** अपने UI ऑनलाइन खाते में लॉग इन करें और अपने पहचान सत्यापन दस्तावेज़ प्रदान करने के लिए होमपेज पर Upload Documents के विकल्प को चुनें। यह दस्तावेज़ीकरण प्रदान करने का सबसे तेज़ और सबसे सुरक्षित तरीका है।
- **डाक -** यदि आप अपने दस्तावेज़ अपलोड नहीं कर सकते हैं, तो हमें आवश्यक दस्तावेज़ों की एक प्रति डाक से भेजें। इस नोटिस के पृष्ठ 1 पर हस्ताक्षर करें और इसे प्रदान किए गए रिटर्न लिफाफे में अपने पहचान सत्यापन के दस्तावेज़ों के साथ शामिल करें। लिफाफे में कोई अन्य EDD फॉर्म वापस न भेजें।

  **महत्वपूर्ण:** डाक से भेजे गए सभी दस्तावेज़ों पर अपना पूरा सामाजिक सुरक्षा नंबर शामिल करें।

### अधिक समय का अनुरोध करना

आपको दस्तावेज़ इकट्ठा करने या किसी प्रतिनिधि की सलाह लेने के लिए और समय मांगने का अधिकार है। यदि आपको अधिक समय की आवश्यकता है, तो आपको इस नोटिस को डाक से भेजे जाने की तारीख से **10 कैलेंडर दिनों के भीतर** पृष्ठ 1 पर दिए गए पते/फोन नंबर पर फोन या मेल द्वारा **हमसे संपर्क करना** होगा। यदि हमें 10-दिन की समय सीमा के अंत तक आपके आवश्यक दस्तावेज़ प्राप्त नहीं होते हैं, या अतिरिक्त समय का अनुरोध नहीं किया गया है, तो लाभों को दिए जाने इनकार कर दिया जाएगा।

### पहचान की जाँच से संबंधित सामान्य त्रुटियाँ

- अपना दावा दायर करते समय आपने जो **जन्म की तारीख** प्रदान की थी, वह SSA और/या मोटर वाहन विभाग (DMV) की जन्म तारीख से अलग है।
- अपना दावा दायर करते समय आपने जो **नाम** दिया था, वह SSA या DMV में दिए गए नाम से अलग है। हो सकता है कि आपने अपना नाम बदल लिया हो और SSA और/या DMV को सूचित नहीं किया हो।
- अपना दावा दायर करते समय आपने जो **SSN** प्रदान किया वह गलत है। जब आपने अपना बेरोज़गारी का दावा दायर किया था या जब आपने इसे अपने नियोक्ता को प्रदान किया था, तब आप नंबर भूल गए होंगे, या नंबर को बदल दिया होगा।

हम SSA या DMV जानकारी को अपडेट नहीं करते हैं। अगर आपके SSA स्टेटमेंट, ड्राइवर लाइसेंस या फोटो पहचान पत्र की समीक्षा के आधार पर आपकी **जन्म की तारीख** या SSA या DMV में इस्तेमाल किया गया **नाम** गलत है, तो बदलने के लिए सीधे SSA या DMV से संपर्क करें। इस नोटिस पर दी गई तारीख से 10 कैलेंडर दिनों के भीतर पहचान की जाँच के मुद्दे को हल करने के लिए कोई भी उपलब्ध दस्तावेज़ हमारे पास जमा करना जारी रखें। अद्यतन दस्तावेज़ों की प्रतियाँ उपलब्ध होते ही हमें प्रदान करें।

### कानूनी संदर्भ

कैलिफ़ोर्निया बेरोज़गारी बीमा संहिता (CUIC) की धारा 1253 (a) में बताया गया है कि लाभों के सभी दावों को EDD के नियमों के अनुसार दायर किया जाना ज़रूरी है। CUIC की धारा 1257 (a) में बताया गया है कि यदि कोई व्यक्ति लाभ प्राप्त करने के लिए EDD को गलत जानकारी देता है, तो उस व्यक्ति पर जुर्माना लगाया जा सकता है। शीर्षक 22, कैलिफ़ोर्निया नियमों की संहिता, धारा 1326-2 (b)(2)( a) में बताया गया है कि EDD को उपलब्ध जानकारी इंगित करती है कि SSN किसी अन्य व्यक्ति का हो सकता है या यह एक मान्य संख्या नहीं है तो EDD दावेदार का SSN को SSA द्वारा जारी किए गए के रूप में सत्यापित करने को आवश्यक बना सकती है ।